स्पाइसेस बोर्ड
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार,) सुगंध भवन,
एनएच बाई पास, पालारिवट्टम पी.ओ, कोच्चिन-25 (फोन:
91-484-2333 610-616, फैक्स: 91-484-2349135)

................

**भारतीय इलाायची अनुसंधान संस्थान, मैलाडुंपारा, इडुक्की, केरल एवं आइसीआरआई, प्रादेशिक केंद्र, सकलेशपुर, कर्नाटक में संविदा आधार पर अनुसंधान सहयोगी (फसल वनस्पति विज्ञान) का चयन**

| | |
|---|---|
| **अपेक्षित अनुसंधान सहयोगियों की संख्या** | दो |
| **अनिवार्य योग्यता** | क. किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान/ बागान वनस्पति विज्ञान में प्रथम श्रेणी के साथ स्नातकोत्तर उपाधि/ आनुवंशिकी व पादप प्रजनन में विशेषता के साथ कृषि में स्नातकोत्तर उपाधि।<br>ख. मसालों/ बागान फसलों पर पादप प्रजनन में दो वर्ष का अनुसंधान अनुभव।<br>ग.प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशन। |
| **वांछनीय** | संबंधित विषय में डॉक्टरेट की उपाधि |
| **कौशल एवं क्षमताएँ** | कंप्यूटर में कार्यसाधक ज्ञान, क्षेत्र परीक्षणों की रूपरेखा तैयार करना, आकड़ा विश्लेषण, परिणामों की व्याख्या और क्षेत्र और प्रयोगशालाओं के डेटा रिकॉर्डिंग से प्राप्त रिपोर्ट तैयार करना। |
| **आयु** | 45 साल से अधिक न हो (जैसे कि आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को है) |
| **परिलब्धियाँ** | योग्यता और अनुभव और मूल्यांकन समिति की मूल्यांकन/सिफारिश के आधार पर 35,000-40,000/- रुपये की सीमा में समेकित मासिक राशि |

| | |
|---|---|
| **ड्यूटी स्टेशन/स्थान** | भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआई), मैलाडुंपारा, इडुक्की, केरल (1)<br>आईसीआरआई प्रादेशिक केंद्र, सकलेशपुर, कर्नाटक (1) |
| **कार्यकाल** | दो वर्ष |
| **अवकाश पात्रता** | प्रति माह एक दिन |
| **चयन का तरीका** | लिखित परीक्षा/साक्षात्कार |
| **लिखित परीक्षा/साक्षात्कार की तारीख, समय व स्थान** | 15.03.2023 सुबह 10.30 बजे<br>स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय, सुगंध भवन, एन.एच. बाई पास, पालारिवट्टम, कोच्ची - 682 025<br>दूरभाष: 0484-2333610 से 616 तक |
| **आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख** | 03.03.2023 |

आवेदन कैसे करें:

1. पात्र उम्मीदवार अपना विवरण संलग्न-I के अनुसार प्रमाणपत्रों (आयु, शिक्षा आदि का प्रमाण) के स्कैन किए गए प्रतियों, हाल का पासपोर्ट आकार का फोटो, जीवनवृत्त और अनुभव यदि कोई हो तो) के साथ sbicriadmn2021@gmail.com को आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को या उससे पहले ई-मेल द्वारा भेज सकते हैं।
2. ई-मेल का विषय "अनुसंधान सहयोगी (फसल वनस्पति विज्ञान) के लिए आवेदन" होना चाहिए।
3. आवेदन जो निर्धारित फॉर्मेट में नहीं है अर्थात् अधिसूचना के संलग्नक I के अनुसार समर्थक दस्तावेज़ के साथ प्राप्त नहीं है, उन पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. उम्मीदवार अपना आवेदन निम्नलिखित क्रम में एक एकल पीडीएफ के रूप में भेज सकते हैं (क)संलग्नक-I (ख) शैक्षिक योग्यताएँ (कालक्रमानुसार) (ग) पहचान प्रमाण (घ)अनुभव प्रमाणपत्र, यदि कोई है तो और (ङ) जीवनवृत्त।
5. यदि प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक है, तो आवेदनों को स्पाइसेस बोर्ड द्वारा तय किए गए मानदंडों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।
6. शोर्ट-लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ईमेल के माध्यम से परीक्षा/साक्षात्कार की तारीख और समय का पता लगाया जाएगा। प्रस्तुत की गई पात्रता मानदंडों के लिए

मूल दस्तावेज सत्यापन के लिए उपलब्ध होने चाहिए, ऐसा न होने पर उम्मीदवार को परीक्षण/साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7. उम्मीदवारों को, अद्यतन सूचना हेतु बोर्ड की वेबसाइट www.indianspices.com में अवसर/सूचना पेज जांच करने और किसी तीसरी पक्ष की वेबसाइट पर भरोसा न करने की सलाह दी जाती है।

**सामान्य अनुदेश:**

1. उम्मीदवारों की नियुक्ति पूरी तरह से संविदा आधार पर होगी और किसी भी स्थिति में वह नियमित नियुक्तियों से नहीं जोड़ी जाएगी और वह किसी भी स्तर पर नियमित नहीं किया जा सकता।
2. नियुक्ति दो (2) वर्ष के लिए वैध होगी और अवधि समाप्त होने पर स्वतः समाप्त हो जाएगी।
3. आवेदन समर्थक दस्तावेजों के साथ निर्धारित फॉर्मेट में प्रस्तुत किए जाने चाहिए। देर से आने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
4. आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पद के लिए पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं।
5. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि स्पाइसेस बोर्ड से सूचना प्राप्त करने के लिए अपनी ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर सक्रिय रखें।
6. पहचान, आयु, पता, योग्यता, अनुभव, निवास प्रमाण पत्र आदि के प्रमाण के लिए उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।
7. यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य (तथ्यों) को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द मानी जाएगी।
8. यदि चयन के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।
9. पात्रता, परीक्षा के आयोजन, विस्तृत परीक्षा/साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया से संबंधित सभी मामलों में स्पाइसेस बोर्ड का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में बोर्ड द्वारा किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
10. इस नियुक्ति अधिसूचना एवं/या किसी आवेदन, परीक्षा आदि से उत्पन्न दावा का विषय या विवाद से संबंध में कानूनी कार्यवाही केवल कोच्ची में स्थापित की जा

सकती है और केवल कोच्चि के न्यायालयों के पास किसी भी वाद/विवाद को निपटाने का एकमात्र और अनन्य अधिकारिता होगा।

11. किसी भी तरह का अनुयाचन अयोग्यता होगी।

12. आयु, योग्यता और अन्य सभी निर्धारित योग्यताएँ की गणना आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख के अनुसार की जाएगी।

13. आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख में परिवर्तन से संबंधित जानकारी (यदि कोई हो), परीक्षा/ साक्षात्कार की तारीख और समय, आदि बोर्ड की वेबसाइट www.indianspices.com में प्रकाशित की जाएगी।

14. स्पाइसेस बोर्ड यदि आवश्यकता हो तो किसी भी आगे की सूचना को जारी किए बिना या किसी भी कारण बताए बिना भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/बदलने/प्रतिबंधित/बढ़ाने/रद्द करने का अधिकार रखता है। स्पाइसेस बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और इस मुद्दे के खिलाफ कोई अपील पर विचार नहीं की जाएगी।

15. इस अधिसूचना से संवंधित सभी प्रश्नों/मुद्दों को वैज्ञानिक- सी, आईसीआरआई, मैलाडुंपारा को केवल ईमेल: sbicriadmn2021@gmail.com के माध्यम से संबोधित किया जाना है।

**निदेशक (अनुसंधान)**

तारीख: 21.02.2023

संलग्नक-I

आवेदन किया गया पदः ..........................................................................

..........................................................................

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उम्मीदवार का नाम (ब्लॉक अक्षरों में): | |
| 2. | पत्रव्यवहार के लिए पता: | |
| | संपर्क नं.: | |
| | ई-मेल आईडी: | |
| 3. | स्थायी पता: | |
| 4. | विवरण के साथ प्रस्तुत किया पहचान प्रमाण: | |
| 5. | पात्रता मानदंड/प्रस्तुत किए दस्तावेज़: | |

| क्रमांक | पात्रता मानदंड | विवरण | संलग्न दस्तावेज़ (हाँ/नहीं) |
|---|---|---|---|
| i.क) | क) जन्म तिथि<br>ख)आयु (जैसाकी अंतिम तारीख को है 45 साल से अधिक न हो) | क)<br>ख) .........वर्ष.............महीने | |
| | | | |

| क्रमांक | शैक्षिक योग्यताएँ | विश्वविद्यालय/ संस्थान का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | सीजीपीए/ ओजीपीए/ प्राप्त प्रतिशत। | संलग्न दस्तावेज़ (हाँ/नहीं) |
|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

6. पिछले प्रशिक्षण/अनुभव के विवरण(यदि कोई हो):

| क्रमांक | अनुभव/प्रशिक्षण का क्षेत्र | अनुभव का विवरण | | अवधि | | संलग्न दस्तावेज़ (हाँ/नहीं) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | धारण किया पद (कर्मचारी/ प्रशिक्षु) | संस्था का नाम | से - तक | पूरे किए वर्ष एवं महीने | |
| | | | | | | |

<u>घोषणा</u>

मैं इसके द्वारा घोषणा करती हूँ/करता हूँ कि मैं ने अनुसंधान सहयोगी (फसल वनस्पति विज्ञान) के चयन के लिए अधिसूचना पढ़ी है और उपरोक्त दिए गए विवरण एवं प्रस्तुत किए गए समर्थक दस्तावेज़ मेरी जानकारी के अनुसार सही एवं वैध हैं।

स्थान: हस्ताक्षर:

तारीख: नाम:

* * * * *